Regarding need to set up a food plaza processing industry in Mumbai-North Parliamentary Constituency-laid

श्री गोपाल शेट्टी **(मुम्बई उत्तर):** सरकार के संज्ञान में लाना चाहूंगा कि भारतीय खाद्य निगम (एफ0 सी0 आई0) मेरे संसदीय क्षेत्र मुंबई (नार्थ) के अन्तर्गत बोरीवली पूर्व उपनगर में अपने दशकों पुराने गोदामों के स्थान पर आधुनिकतम विशाल खाद्य भंडारण डिपो (एफ0 एस0 डी0) अर्थात अल्ट्रा अत्याधुनिक स्टील साइलो की स्थापना करने जा रहा है, जिसमें विशेषतः मुंबई के नागरिकों के लिए एक बड़ी मात्रा में गेहूं और चावल को स्टोर किया जाएगा । महाराष्ट्र राज्य के अन्तर्गत भारतीय खाद्य निगम का यह दूसरा सबसे बड़ा खाद्य भंडारण डिपो (अल्ट्रा अत्याधुनिक स्टील साइलो) होगा, जो संजय गांधी राष्ट्रीय उद्यान के निकट 118 एकड़ की विशाल भूमि पर वर्ष 2024 तक स्थापित होने जा रहा है । इस संदर्भ में, मेरा अनुरोध है कि भारतीय खाद्य निगम के द्वारा बोरीवली पूर्व उपनगर में जिस खाद्य भंडारण डिपो (अल्ट्रा अत्याधुनिक स्टील साइलो) की स्थापना 118 एकड़ भूमि में की जा रही है, वहां निकट में 10 एकड़ भूमि की व्यवस्था करके फूड प्लाजा प्रोसेसिंग उद्योग की स्थापना, जिसको डिपो में स्टोर किए गए गेहूं और चावल की उपलब्धता सरलता से हो सके, की जानी चाहिए । इससे इस क्षेत्र का विकास होगा और साथ ही साथ मुंबई के लोगों को रोजगार भी सुलभ होगा ।